कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

क्र./ज.स.अ./2021

रायपुर, दिनांक 08/02/2021

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यो एवं योजनाओं को समुचित रूप से जनसाधारण तक पहुंचाने हेतु एक वित्तीय वर्ष की अवधि दिनांक 1अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक के लिए डिजिटल फोटोग्राफी एवं डिजिटल वीडियोग्राफी कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति जिसमें लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. तथा लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र व अन्य प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा तथा लिफाफा (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर दिनांक 08/03/2021 तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी, जनसम्पर्क/प्रेस विभाग, व्हाईट हाउस नवीन मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 01/03/2021 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्धारित राशि 750/- रू. जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदा दिनांक 09/03/2021... को अपरान्ह 1:00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शर्त एवं अन्य जानकारी जनसम्पर्क/प्रेस विभाग नगर पालिक निगम,रायपुर से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है। दरें निविदा प्रपत्र में देना होगा। निविदा के साथ अमानती राशि रू 12000/- (बारह हजार रू.) का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा।

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)

निविदा की शर्ते

1. डिजिटल फोटोग्राफी एवं डिजिटल वीडियोग्राफी की दर समस्त करों सहित रहेगी ।
2. डिजिटल फोटोग्राफी एवं डिजिटल वीडियोग्राफी कार्य हेतु निर्देश दिये जाते ही तत्काल कार्य स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा ।
3. डिजिटल फोटोग्राफी एवं डिजिटल वीडियोग्राफी का कार्य तत्काल पूर्ण कर उक्त तिथि को ही जनसम्पर्क/प्रेस विभाग नगर पालिक निगम, रायपुर में प्रदाय करना अनिवार्य होगा ।
4. डिजिटल फोटोग्राफी में प्रति स्नेप, प्रति कार्यक्रम और डिजीटल वीडियोग्राफी में प्रति घंटे, प्रति कार्यक्रम दर का भी उल्लेख किया जाये ।
5. डिजिटल फोटोग्राफी एवं डिजिटल वीडियोग्राफी की साफ्ट कापी प्रत्येक माह में उपलब्ध करायी जाये ।
6. फोटो की विभिन्न साईज की दर का उल्लेख किया जाये, फोटो की हार्डकापी बनाये जाने के निर्देश आवश्यता अनुसार दिये जायेंगे ।
7. डिजिटल फोटोग्राफी एवं डिजिटल वीडियोग्राफी की स्वीकृत दरें दिनांक 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक प्रभावशील रहेगी ।
8. निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर का होगा ।
9. निविदाकर्ता का कार्यालय रायपुर नगर में अनिवार्य रूप से होना चाहियें । निविदा के साथ में कार्यालय का पता व स्थानीय दूरभाष का नंबर भी उल्लेख करें ।
10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक	विवरण	साईज	प्रति नग	दर
1.	डिजिटल फोटोग्राफी			
	(1) प्रति स्नैप व हार्डकापी	4x6	....	....
	(2) हार्डकापी	5x7	....	....
	(3) हार्डकापी	6x8	....	....
	(4) हार्डकापी	8x10	....	....
	(5)हार्डकापी	8x12	....	....
	(6) हार्डकापी	10x12	....	....
	(7) हार्डकापी	12x15	....	....
	(8) हार्डकापी	16x20	....	....
	(9) हार्डकापी	16x24	....	....
2.	डिजिटल वीडियोग्राफी			
	(1) प्रति घंटा (प्रति कैमरा)		....	....
	(2) प्रति कार्यक्रम (प्रति कैमरा)		....	....